गुरुवार, 5 मार्च 2026

**मौसम**



तापमान 21 – 32
आर्द्रता 57%
सूर्योदय: 05:56 सूर्यास्त: 17:41

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा


स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष द्वितीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : जिंदगी बदलने के लिए दर्पण में स्वयं को देखना होगा।




भारत बनाम इंग्लैंड: एक दूसरे के खेल की अच्छी समझ रखने वाली टीमों के बीच होगी श्रेष्ठता की जंग पृष्ठ 8




# भारत से लौट रहे ईरानी युद्धपोत पर अमेरिका का हमला

## श्रीलंका के पास डूबा, 87 सैनिकों की मौत



**कोलंबो :** श्रीलंका ने बुधवार को बताया कि उसकी नौसेना ने देश के दक्षिणी तट के पास डूबे एक युद्धपोत से 87 शव बरामद किए और ईरान के 32 नौसैनिकों को बचाया। विदेश मंत्री विजिथा हेराथ ने संसद को बताया कि श्रीलंकाई नौसेना और तटरक्षक बल को तड़के पांच बजकर आठ मिनट पर दक्षिणी बंदरगाह जिले गॉल से लगभग 40 समुद्री मील की दूरी पर स्थित 'आईरिस देना' नामक पोत के डूबने की सूचना मिली थी। हेराथ ने कहा कि श्रीलंकाई नौसेना और वायु सेना ने संयुक्त बचाव अभियान चलाया। उन्होंने कहा, उनमें से 30 को बचा लिया गया जबकि जहाज पर लगभग 180 लोगों के सवार होने की खबर है। ईरानी पोत ने हाल ही में भारत द्वारा आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास में भाग लिया था। भारतीय नौसेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने वाशिंगटन में कहा कि एक अमेरिकी पनडुब्बी ने अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में एक ईरानी युद्धपोत को डुबो दिया। उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह किसी दुश्मन युद्धपोत को टॉरपीडो से डुबोने की पहली घटना है। हेगसेथ ने पत्रकारों से कहा, एक अमेरिकी पनडुब्बी ने ईरानी युद्धपोत को डुबो दिया, जो अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में खुद को सुरक्षित समझ रहा था। लेकिन उसे टॉरपीडो से डुबो दिया गया।

### ईरान ने पूरे क्षेत्र में हमले तेज किये, इजराइल ने ईरानी सुरक्षा बलों और नेतृत्व को निशाना बनाया

**इजराइल ने ईरानी याक-130 विमान मार गिराया गया**

**दुबई :** अमेरिका और इजराइल ने ईरान के साथ युद्ध के पांचवें दिन बुधवार को तेहरान और अन्य शहरों पर कई हवाई हमले किए। इजराइल ने ईरानी नेतृत्व और सुरक्षा बलों को निशाना बनाया, जिसके जवाब में ईरान ने इजराइल और पूरे क्षेत्र पर मिसाइलों और ड्रोन से हमले किए। तेहरान में तड़के से ही लोगों ने धमाकों की आवाज सुनी और ईरानी सरकारी टेलीविजन ने राजधानी के केंद्र में एक इमारत के खंडहर में तब्दील होने के दृश्य दिखाए। इजराइल ने कोम और कई अन्य शहरों को भी निशाना बनाया। आसमान में लड़ाकू विमानों को गुजरते देख तेहरान में मौजूद लोग चिंतित हो गये। इजराइली सेना ने बताया कि बुधवार को उसके एक एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमान ने तेहरान के ऊपर ईरानी वायु सेना के 'याक-130' लड़ाकू विमान को मार गिराया। सेना ने यह भी कहा कि देश भर में लक्ष्यों पर दागी गई ईरानी मिसाइलों को मार गिराने के लिए इजराइली हवाई रक्षा प्रणाली सक्रिय कर दी गई थी और यरूशलम के आसपास विस्फोट की आवाज सुनी गई। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने चेतावनी दी कि ईरान द्वारा जिस किसी को देश का अगला सर्वोच्च नेता चुना जाएगा, उसका ''खात्मा हमारा लक्ष्य'' होगा।

### ईरान में युद्ध के कारण कम से कम 1,045 लोगों की मौत : सरकारी एजेंसी

**दुबई :** ईरान के अमेरिका और इजराइल के साथ जारी युद्ध में मरने वालों की संख्या कम से कम 1,045 हो गई है। ईरान की एक सरकारी एजेंसी ने बुधवार को यह जानकारी दी। ईरान के शहीद और पूर्व सैनिक मामलों के संगठन ने यह आंकड़ा जारी करते हुए बताया कि इन लोगों की पहचान हो गयी है और इन शवों का अंतिम संस्कार किया जाना बाकी है।



### बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश राज्यसभा चुनाव के लिए आज दाखिल कर सकते हैं नामांकन

**नयी दिल्ली :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा चुनाव के लिए संभवतः बृहस्पतिवार को पटना में अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इससे यह संकेत मिलता है कि राज्य में नया मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष नीतीश कुमार भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ अपने नामांकन पत्र दाखिल करेंगे, और इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहेंगे। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के एक सूत्र ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, जद(यू) के अध्यक्ष नीतीश कुमार और



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन राज्यसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस अवसर पर गृह मंत्री अमित शाह मौजूद रहेंगे। जब यह पूछा गया कि क्या कुमार बिहार के मुख्यमंत्री पद से भी इस्तीफा देंगे, तो सूत्र ने कहा कि यह समय आने पर पता चलेगा।

### अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 56 पैसे टूटकर 92.05 के सर्वकालिक निचले स्तर पर

**मुंबई :** पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल से अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपया 56पैसे की गिरावट के साथ 92.05 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, अमेरिका-ईरान संघर्ष के कारण वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता का माहौल है, जिससे सुरक्षित निवेश के रूप में डॉलर की मांग बढ़ी है। इसके चलते डॉलर सूचकांक 98 के स्तर को पार कर गया, जिससे भारतीय मुद्रा पर दबाव और बढ़ गया। इसके अलावा घरेलू शेयर बाजारों में भारी बिकवाली और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी ने भी रुपये की गिरावट में भूमिका निभाई। विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 92.05 पर खुला और कारोबार के दौरान 92.35 के अब तक के सबसे निचले स्तर तक चला गया। अंत में यह पिछले बंद भाव के मुकाबले 56 पैसे की भारी गिरावट के साथ 92.05 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

### विदेश मंत्रालय ने प्रभावित भारतीयों की मदद के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्रालय ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट से प्रभावित भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पश्चिम एशिया में लगभग एक करोड़ भारतीय रहते हैं और उनकी सुरक्षा व कल्याण नयी दिल्ली के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। ईरान-अमेरिका संघर्ष के बीच, ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने सैकड़ों भारतीय छात्रों को तेहरान से सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया, पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र में मौजूदा स्थिति को देखते हुए विदेश मंत्रालय में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इस पर सुबह नौ बजे से रात नौ बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

### दुबई से पुणे के 80 छात्रों समेत 111 लोग लौटे

**पुणे :** अमेरिका-इजराइल तथा ईरान के बीच जारी सैन्य संघर्ष के कारण दुबई में फंसे पुणे जिले के 111 निवासी सुरक्षित लौट आए हैं। इनमें 80 छात्र शामिल हैं। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि पुणे जिले के रहने वाले कुल 184 लोग संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में फंसे हुए थे। उन्होंने बताया कि शेष लोगों को भी वापस लाने के प्रयास जारी हैं। प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि पुणे स्थित इंदिरा स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज (आईएसबीएस) के 80 छात्र और चार संकाय सदस्य दुबई से घर लौट आए हैं। इस बीच, मुंबई में शिवसेना के एक पदाधिकारी ने बुधवार को बताया कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण संयुक्त अरब अमीरात में फंसे महाराष्ट्र के कुल 164 पर्यटक दो विशेष उड़ानों से घर लौट आए हैं। उन्होंने बताया कि इन दोनों उड़ानों की व्यवस्था उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने की थी।

# देशभर में पारंपरिक उल्लास के साथ मनाई गई होली



**नयी दिल्ली :** समूचे देश में बुधवार को रंगों का पर्व होली पारंपरिक उल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान लोगों ने संगीत के बीच एक दूसरे को रंग लगाकर एवं मिठाई खिलाकर बुराई पर अच्छाई की जीत के इस त्योहार की शुभकामनाएं दीं। मथुरा-वृंदावन के मंदिरों की रस्मों और राजस्थान की जीवंत 'धुलंडी' से लेकर राष्ट्रीय राजधानी में आम आदमी पार्टी (आप) की 'कट्टर ईमानदार होली' तक, शहरों और गांवों में श्रद्धालु और स्थानीय लोग उत्सव के रंग में रंगे नजर आए। देशवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि होली का त्योहार पूरे माहौल में नयी ऊर्जा भर देता है, यही इस उत्सव की बड़ी विशेषता है। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, सभी देशवासियों को होली की अनंत शुभकामनाएं। रंग और उमंग से भरा यह त्योहार सबके लिए खुशियों की बहार लेकर आए। हर किसी के जीवन में सुख-समृद्धि और सफलता के रंगों की बौछार हो, यही कामना है।'' उत्तर प्रदेश के तीर्थ नगर मथुरा में उत्सव का विशेष रंग देखने को मिला, जहां स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने पारंपरिक श्रद्धा के साथ होली मनाई। बांके बिहारी मंदिर के बाहर भारी उत्साह के साथ होली खेली गई। हालांकि गर्भगृह के भीतर ऐसा नहीं हुआ। जिले के बछगांव में 150 साल पुरानी 'चप्पल होली' की परंपरा निभाई गई, जिसमें परिवार के बुजुर्ग प्रतीकात्मक रूप से छोटों को चप्पलों से मारते हैं। यह परंपरा ब्रिटिश काल के अत्याचारों के विरोध के रूप में शुरू हुई थी।

## कतर ने एलएनजी उत्पादन रोका, भारत को आपूर्ति प्रभावित, शहरी गैस क्षेत्र में संकट की आशंका

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच कतर ने अपने ऊर्जा संयंत्रों पर हुए हमलों के बाद तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का उत्पादन रोक दिया है। इससे भारत को होने वाली आपूर्ति प्रभावित हुई है और प्रमुख घरेलू क्षेत्रों के लिए ईंधन की उपलब्धता का संकट खड़ा हो गया है। भारत अपनी गैस आवश्यकताओं के एक बड़े हिस्से के लिए कतर के साथ दीर्घकालिक एलएनजी अनुबंधों पर निर्भर है। कतर से खेप का आवागमन अस्थायी रूप से रुकने के कारण औद्योगिक उपभोक्ताओं और शहरी गैस वितरण (सीजीडी) कंपनियों की आपूर्ति में 40 प्रतिशत तक की कटौती देखी गई है। जहां कुछ औद्योगिक इकाइयां वैकल्पिक ईंधन का उपयोग कर सकती हैं, वहीं सीएनजी बेचने वाले शहरी गैस क्षेत्र ने गंभीर संकट की चेतावनी दी है। सीजीडी कंपनियों का कहना है कि कतर की सस्ती गैस के स्थान पर दोगुनी कीमत वाली 'स्पॉट एलए-नजी' खरीदने से सीएनजी का मूल्य लाभ समाप्त हो जाएगा, जिससे ग्राहक स्थायी रूप से इलेक्ट्रिक



वाहनों की ओर रुख कर सकते हैं। भारत की सबसे बड़ी एलएनजी आयातक 'पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड' कतर में अपने जहाज नहीं भेज पा रही है। इसका मुख्य कारण 'हॉर्मुज जलडमरूमध्य' का लगभग बंद होना है। कतर सहित अधिकांश पश्चिम एशियाई देश इसी संकीर्ण समुद्री मार्ग से अपने तेल और गैस का निर्यात करते हैं। इसके अलावा ईरान के ड्रोन हमले में दुनिया के सबसे बड़े निर्यात केंद्र (कतर स्थित) को निशाना बनाए जाने के बाद वहां उत्पादन पूरी तरह बंद कर दिया गया है। पेट्रोनेट ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि जहाज भेजने में असमर्थता के कारण उसने कतर की कंपनी 'कतरएनर्जी' को 'फोर्स मेज्योर' (अपरिहार्य परिस्थितियों का प्रावधान) नोटिस जारी किया है। जवाब में कतरएनर्जी ने भी क्षेत्र में जारी शत्रुता के कारण आपूर्ति न कर पाने का 'फोर्स मेज्योर' नोटिस पेट्रोनेट को भेजा है। पेट्रोनेट के अनुसार, ईरान और इजराइल के बीच जारी युद्ध के कारण जहाज सुरक्षित रूप से हॉर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर कतर के लोडिंग पोर्ट 'रास लफान' तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। सुरक्षा स्थिति और समुद्री नौवहन के जोखिम को देखते हुए पेट्रोनेट ने अपने तीन एलएनजी टैंकर दिशा, राही और असीम के संबंध में यह नोटिस जारी किया है।



### मायावती ने देशवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री व बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को देशवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लोगों से शांति व सद्भाव के साथ होली मनाने की अपील भी की। मायावती ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, ''होली पर्व की सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें। सभी लोग परम्-परागत तौर पर शान्ति व सद्भाव के साथ इस त्योहार को उमंग के साथ मनायें और आपस में मिलजुल कर होली की ख़ुशियां बांटें, यही इस पर्व की सच्ची भावना है।''

### पूर्वी चंपारण में छह बच्चों की डूबने से मौत

**मोतिहारी :** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में छह बच्चों की पानी से भरे एक बड़े गड्ढे में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह घटना मंगलवार शाम केसरिया थाना क्षेत्र के लोहड़गवा गांव में हुई। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान दीक्षा कुमारी (12), सोनाक्षी कुमारी (9), प्रिया कुमारी (7), आराध्या कुमारी (11), छोटी कुमारी (8) और प्रिंस कुमार (11) के रूप में हुई है। केसरिया थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने संवाददाताओं को बताया, ग्रामीणों के अनुसार जब एक लड़की गड्ढे में नहाने के लिए उतरी तो वह फिसल गई और डूबने लगी। उसे बचाने की कोशिश में अन्य बच्चे भी पानी में कूद गए और सभी डूब गए। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे, शवों को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### होली के जश्न में नृत्य कर रहे युवक की अचानक हुई मौत

**इटावा (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के लवेदी क्षेत्र में होली के जश्न में नृत्य कर रहे एक युवक की अचानक मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि लवेदी थाना क्षेत्र के नंदगवां गांव में होली का उत्सव मनाने के लिए गांव में डीजे साउंड सिस्टम लगाया गया था और गांव के लोग डीजे के सामने एकत्र होकर नाच-गा रहे थे।

# होली के जश्न में डूबी कृष्ण की नगरी मथुरा



**मथुरा :** मथुरा बुधवार को होली के रंगों में सराबोर हो गया। इस दौरान भक्तों और स्थानीय लोगों ने पारंपरिक उत्साह के साथ होली मनाई। श्री बांके बिहारी मंदिर के सेवायत ज्ञानेंद्र किशोर गोस्वामी ने कहा कि मंदिर के बाहर होली खेली जा रही है, लेकिन गर्भगृह के अंदर नहीं मनाई जा रही है क्योंकि मंदिर का होली उत्सव होलिका दहन के दिन समाप्त हो जाता है। गोवर्धन तहसील के बछगांव गांव में 'चप्पल' होली मनाई जाती है, जहां गांव के बुजुर्ग बच्चों को चप्पलों से खेल-खेल में मारते हैं। स्थानीय निवासी योगेश कुंतल ने बताया कि यह एक-दूसरे के प्रति बिना किसी द्वेष के खेलने की परंपरा है। एक अन्य ग्रामीण ने बताया कि 150 साल पुरानी यह परंपरा कभी अंग्रेजों के अत्याचारों का विरोध करने के लिए शुरू की गई थी, इस दौरान हुरियारे गुलाल उड़ाए जाते हैं और होली के गीतों पर नृत्य भी किया जाता है। पुराने केशवदेव मंदिर के सेवायत बिहारीलाल गोस्वामी ने बताया कि शाम को 'भजन संध्या' और फूलों की होली का कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने कहा कि उस दिन मंदिर परिसर के अंदर होली नहीं मनाई जाती है। श्री गरुण गोविंद मंदिर में सेवायत डॉक्टर राजेश गौतम ने कहा कि रंगभरी एकादशी से एक दिन पहले होली का त्योहार पारंपरिक 'हुरंगा' के साथ समाप्त होता है। स्थानीय व्यापारी हर्ष चतुर्वेदी ने कहा, ''मथुरा में होली दूसरी जगहों से अलग है क्योंकि यहां हम भगवान कृष्ण की लीलाओं में से एक को फिर से जीते हैं। पिछले 30 दिनों से शहर के अलग-अलग हिस्सों में बड़े समारोह हो रहे हैं।'' मथुरा में सुबह से ही लोग होली के गानों पर नाचते और एक-दूसरे को रंग लगाते दिखाई दिए। पेशे से प्रोफेसर दीक्षा चौधरी ने कहा, मथुरा में होली मुझे खुशी देती है। मैं कृष्ण के करीब महसूस करती हूं। होली के मौके पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त भी किए गए हैं।

# सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान जहरीली गैस से दम घुटने पर परिवार के चार लोगों की मौत



**सीतामढ़ी :** बिहार के सीतामढ़ी जिले में घर के सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान कथित तौर पर जहरीली गैस के संपर्क में आने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह घटना मंगलवार शाम करीब छह बजे बोखरा थाना क्षेत्र के कुरहर गांव में हुई। मृतकों की पहचान राजीव सहनी (40), रमेश सहनी (30), नीरज सहनी (26) और राजीव सहनी के 12 वर्षीय बेटे कृष्ण कुमार के रूप में हुई है। बोखरा थाना के प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''ग्रामीणों के अनुसार सेप्टिक टैंक से निकलने वाली जहरीली गैस के कारण चारों लोग बेहोश हो गए थे। स्थानीय लोगों ने उन्हें बाहर निकालकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने चारों को मृत घोषित कर दिया।'' उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इसी तरह की एक घटना वैशाली जिले में भी रविवार को हुई थी, जहां एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई थी।

# सैफई में अखिलेश ने खेली 'फूलों की होली', शंकराचार्य विवाद को लेकर भाजपा पर निशाना साधा

**इटावा (उप्र) :** समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखि-लेश यादव ने मंगलवार को अपने पैतृक गांव सैफई में पार्टी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के साथ होली मनाई और आगामी चुनाव में ''पीडीए सरकार'' बनाने का आह्वान किया। उन्होंने शंकराचार्य के कथित अपमान से लेकर अर्थव्यवस्था और विदेश नीति जैसे मुद्दों पर भाजपा पर तीखा हमला बोला। 'फूलों की होली' खेलते हुए, यादव ने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के एकजुट होने का आह्वान किया और इसे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को कथित तौर पर प्रयागराज में पवित्र स्नान करने से रोके जाने के हालिया विवाद से जोड़ा। उन्होंने कहा कि पीडीए का नारा ''समाज में हर जगह सही बैठता है'' और कहा कि सपा हर उस व्यक्ति के साथ खड़ी है जो ''उत्पीड़ित, परेशान या अपमानित'' है। सपा प्रमुख ने शंकराचार्य प्रकरण का जिक्र करते हुए कहा, ''हमारे पूज्य शंकराचार्य जी को दुख पहुंचा और उनका अपमान किया गया। पीडीए हर उस व्यक्ति के साथ खड़ा होगा जो उत्पीड़ित है, जो आहत है और जिसका अपमान किया गया है और हम सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें उनका अधिकार मिले।'' भाजपा पर निशाना साधते हुए यादव ने कहा कि जो लोग खुद को सनातन धर्म का सबसे बड़ा अनुयायी मानते हैं, वे बेनकाब हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने इस मुद्दे को सुलझाने के बजाय अहंकार से काम किया और षड्यंत्रकारी तरीके से मामले दर्ज किये गये।

### राजस्थान में धुलंडी उत्सव की धूम, निजी विश्वविद्यालय में हादसे में 20 छात्र घायल

**जयपुर :** राजस्थान के अधिकतर जिलों में बुधवार को धुलंडी उत्सव मनाया गया। इससे एक दिन पहले कुछ क्षेत्रों में चंद्र ग्रहण के कारण आंशिक रूप से होली मनाई गई थी। दूसरी ओर, मंगलवार को अजमेर हाईवे पर स्थित एक निजी विश्वविद्यालय में आयोजित होली कार्यक्रम के दौरान लगभग 20 छात्र घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि डीजे सेटअप के पास लगाया गया लोहे का चौकोर फ्रेम और क्रेननुमा ढांचा होली उत्सव के दौरान छात्रों पर गिर गई। घायल छात्रों में से 17 को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि तीन को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। छात्र वर्षा नृत्य (रेन डांस) में भाग ले रहे थे, तभी यह ढांचा गिर गया। राज्य के प्रमुख मंदिरों में सुबह से ही गुलाल अर्पित कर उत्सव की शुरुआत हुई। जयपुर के प्रसिद्ध गोविंददेवजी मंदिर में श्रद्धालु बड़ी संख्या में जुटे और उत्सव में भाग लिया। जयपुर में मुख्यमंत्री निवास पर ब्रज परंपरा के अनुरूप होली मिलन समारोह आयोजित किया गया, जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने फूलों और रंगों से आगंतुकों के साथ होली खेली। जयपुर के चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर मंदिर के बाहर भी स्थानीय लोगों और पर्यटकों ने बड़ी संख्या में उत्सव में भाग लिया।

# गोरखपुर में भगवान नृसिंह की शोभायात्रा में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी



**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को होली पर निकाली गई 'भगवान नृसिंह की रंगभरी शोभायात्रा' में शामिल हुए और कहा कि मानवमात्र के जीवन में मर्यादा, जीवंतता, भक्ति व समरसता ही सनातन धर्म की ताकत है। यह यात्रा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व श्री होलिकोत्सव समिति की ओर से निकाली गई थी। मुख्यमंत्री ने यात्रा की शुरुआत के अवसर पर उपस्थित जैन समूह को संबोधित भी किया। राज्य सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव के जीवन में मर्यादा, जीवंतता तथा भक्ति और समरसता ही सनातन धर्म की ताकत है। उन्होंने कहा कि इस परिप्रेक्ष्य में प्रदेश के लोगों को गर्व की अनुभूति करनी चाहिए कि मर्यादा, शाश्वत चेतना की जीवंतता, भक्ति का उल्लास और समरसता का भान कराने वाले सभी प्रमुख विरासत स्थल इसी प्रदेश में हैं। योगी ने कहा कि काशी में बाबा विश्वनाथ धाम, अयोध्या में राम जन्मभूमि पर भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण, केदारपुरी में भगवान केदारनाथ का भव्य धाम, बदरीनाथ में भव्य स्वरूप लेता भगवान बद्री विशाल का धाम, महाकाल लोकधाम, सोमनाथ धाम, जगन्नाथ धाम तथा रामेश्वरपुरी के भव्य स्वरूप का आनंद भारत को अपनी विरासत पर गौरव की अनुभूति कराता है। मुख्यमंत्री ने इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देते हुए कहा कि उनके ( प्रधानमंत्री मोदी के) नेतृत्व में विरासत का संरक्षण हो रहा है, साथ ही 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना भी साकार हो रही है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष होली का पर्व इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यह दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष है।

# उद्योगों में सुरक्षा संस्कृति अपनाना समय की जरूरत : उपमुख्यमंत्री बैरवा



**जयपुर :** राजस्थान के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने उद्योगों में सुरक्षा संस्कृति अपनाने को समय की आवश्यकता बताते हुए बुधवार को कहा कि सुरक्षित कार्यस्थल औद्योगिक विकास की आधारशिला है। वह राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान में 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। बैरवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''विकसित भारत-2047'' के विजन को साकार करने के लिए सुरक्षित और सुदृढ़ औद्योगिक वातावरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उद्योगों में सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करने तथा श्रमिकों के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। डॉ. बैरवा ने कहा कि सुरक्षित कार्यस्थल न केवल श्रमिकों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, बल्कि उद्योगों की उत्प-ादकता बढ़ाने और देश के आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने औद्योगिक इकाइयों से आधुनिक तकनीकों, कृत्रिम मेधा (एआई), सेंसर आधारित निगरानी और 'रीयल-टाइम मॉनिटरिंग' जैसे उपायों को अपनाने का आह्वान किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इन तकनीकों के माध्यम से संभावित खतरों की समय रहते पहचान कर दुर्घटनाओं की आशंका को कम किया जा सकता है। उन्होंने सुरक्षा जागरूकता पर आधारित पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में कारखाना सुरक्षा पुरस्कार योजना-2026 के अंतर्गत औद्योगिक सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली इकाइयों को सम्मानित किया गया।

### ओमान के निकट पोत पर ईरान के मिसाइल हमले के बाद से राजस्थान का युवक लापता

**जयपुर :** अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष के बीच ओमान के पास एक तेलवाहक पोत पर हुए हमले के बाद, उस पर सवार राजस्थान के नागौर जिले का एक युवक लापता बताया जा रहा है। परिजनों ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि एक मार्च को जब पोत कसाब बंदरगाह पर रुका हुआ था तब एक ईरानी मिसाइल ने उसे निशाना बनाया जिससे जहाज को गंभीर नुकसान पहुंचा। पोत के चालक दल के सदस्य दिलीप सिंह लापता हैं। सिंह नागौर जिले के खिनवताना गांव के निवासी हैं और उन्होंने 22 जनवरी से ड्यूटी शुरू की थी। वह स्काईलाइट कंपनी द्वारा संचालित पोत पर चालक दल के सदस्य के रूप में तैनात थे। हमले के समय, दलीप जहाज के आगे के हिस्से में थे और उनके साथ एक अन्य चालक दल सदस्य, बिहार निवासी आशीष कुमार मौजूद थे। दलीप के भाई देवेंद्र सिंह ने बताया कि कुमार का शव बरामद कर लिया गया है, लेकिन वह (दलीप) अभी भी लापता हैं। देवेंद्र ने कहा कि कंपनी ने उन्हें बताया था कि हमले के दौरान चालक दल के ज्यादातर सदस्यों को सुरक्षित रूप से निकाल लिया गया।



### पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के बगराम वायुसेना अड्डे को निशाना बनाया

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान ने आतंकवादी हमले रोकने में कथित रूप से नाकाम रहने पर अफगान तालिबान के खिलाफ अभियान के तहत प्रसिद्ध बगराम वायुसेना अड्डे को निशाना बनाया। मीडिया में आई खबरों में बुधवार को यह जानकारी दी गई। पाकिस्तान ने 26 फरवरी की रात को 'ऑपरेशन गज़ब-लिल-हक' शुरू किया। यह कार्रवाई 2,600 किलोमीटर से अधिक लंबी सीमा पर 53 स्थानों पर कथित अफगान तालिबान हमलों के बाद की गई। सरकारी चैनल पीटीवी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पाकिस्तान ने अफगान तालिबान की आक्रामकता का मुंहतोड़ जवाब देते हुए बगराम वायुसेना अड्डे पर बड़ा हमला किया। इसमें कहा गया है, पाकिस्तान अफगान तालिबान की अकारण आक्रामकता के खिलाफ जोरदार जमीनी और हवाई अभियान जारी रखे हुए है।

### नेपाल में आज आम चुनाव होंगे

**काठमांडू :** नेपाल में पिछले साल हुये 'जेन जेड' प्रदर्शन के बाद बृहस्पतिवार को यहां आम चुनाव कराया जायेगा, जिसमें देश के 1.89 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। पिछले साल हिंसक 'जेन जेड' प्रदर्शन के बाद नेपाल में प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली की सरकार गिर गयी थी। अधिकारी ने बताया कि जेन जेड प्रदर्शन के बाद पहली बार हो रहे आम चुनाव में देश के 1.89 करोड़ से अधिक पात्र मतदाता 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा के चुनाव के लिए अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। अधिकारी ने बताया कि प्रतिनिधि सभा के लिये 6500 से अधिक उम्मीदवार मैदान में हैं।

# ईरान जिसे भी सर्वोच्च नेता चुनेगा उसका 'खात्मा' हमारा लक्ष्य होगा: इजराइली रक्षा मंत्री



**दुबई :** इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने चेतावनी दी कि ईरान जिसे भी देश का अगला सर्वोच्च नेता चुनेगा, उसका ''खात्मा'' यहूदियों का लक्ष्य होगा। काट्ज की यह टिप्पणी उस दिन आई जब ईरान 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद दूसरी बार अपने सर्वोच्च नेता का चुनाव करने जा रहा है। अमेरिका-इजराइल के संयुक्त हमलों में शनिवार को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी, जिसके बाद इस्लामी राष्ट्र ने रविवार को बदला लेने की कसम खाई। काट्ज ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''इजराइल को नष्ट करने, अमेरिका और आजाद दुनिया तथा क्षेत्र के अन्य देशों को धमकाने और ईरानी जनता को दबाने की साजिश को जारी रखने तथा उसका नेतृत्व करने के लिए ईरान के आतंकी शासन द्वारा नियुक्त किए गए हर नेता का 'खात्मा' स्पष्ट रूप से हमारा लक्ष्य होगा।'' इजराइली रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा, ''यह मायने नहीं रखता कि उसका नाम क्या है या वह कहां छिपा है।'' उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री और मैंने इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) को ऑपरेशन 'लायंस रोर' के उद्देश्यों के अभिन्न अंग के रूप में मिशन को अंजाम देने के लिए तैयार रहने और हर तरीके से कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।'' इस बीच इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने घोषणा की कि उन्होंने बुधवार सुबह तेहरान में अपने दसवें चरण के हमले शुरू कर दिए हैं। इजराइली सेना ने कहा, ''वायुसेना ने अब तेहरान में ईरानी आतंकी शासन के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाते हुए व्यापक हमले शुरू कर दिए हैं।''

# संयुक्त सैन्य अड्डों के उपयोग की अनुमति नहीं देने पर ट्रंप ने स्पेन को दी व्यापार बंद करने की धमकी



**वाशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान-अमेरिका-इजराइल युद्ध में समर्थन न देने और नाटो में अपना व्यय बढ़ाने का विरोध करने के कारण मंगलवार को स्पेन के साथ व्यापार समाप्त करने की धमकी दी। जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ के साथ 'ओवल ऑफिस' में हुई बैठक के दौरान ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, ''हम स्पेन के साथ सभी व्यापार संबंध तोड़ देंगे। हम स्पेन से किसी भी तरह का संबंध नहीं रखना चाहते।'' अमेरिकी राष्ट्रपति की यह टिप्पणी स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बारेस के उस बयान के एक दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनका देश संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के दायरे से बाहर किसी भी हमले में अमेरिका को दक्षिणी स्पेन में स्थित सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं देगा। अल्बारेस ने यह भी कहा कि अमेरिका के साथ संयुक्त रूप से संचालित सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल सप्ताहांत में ईरान पर हुए हमले में नहीं किया गया था। यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप स्पेन के साथ व्यापार कैसे बंद करेंगे, क्योंकि स्पेन यूरोपीय संघ के अंतर्गत आता है और यूरोपीय संघ अपने सभी 27 सदस्य देशों की ओर से व्यापार समझौतों पर बातचीत करता है।

# आधुनिक ऑस्ट्रेलिया में होली को 'आत्मसात' किया जाना 'वास्तव में अद्भुत' है: प्रधानमंत्री अल्बनीज



**कैनबरा :** प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने बुधवार को होली के अवसर पर हिंदुओं और दक्षिण एशियाई मूल के नागरिकों को बधाई दी तथा कहा कि रंगों के इस त्योहार को आधुनिक ऑस्ट्रेलिया के इतिहास में इतना उत्साहपूर्वक आत्मसात होते देखना वास्तव में अद्भुत है। ऑस्ट्रेलिया में भारतीय दूतावास के अनुसार, भारतीय प्रवासी समुदाय ऑस्ट्रेलिया में दूसरा सबसे बड़ा और सबसे तेजी से बढ़ने वाला प्रवासी समुदाय है। यह देखते हुए कि हिंदू और दक्षिण एशियाई मूल के कई ऑस्ट्रेलियाई लोगों के लिए, होली साझा इतिहास, विरासत और परंपराओं का जश्न मनाने के लिए एक साथ आने का अवसर है, अल्बनीज़ ने कहा, ''यह वास्तव में बुराई पर अच्छाई की विजय, मित्रता और क्षमा का चिरस्थायी मूल्य और मानवीय भावना की एकता का एक त्योहार है।'' प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''यह हमें खुद को और एक दूसरे को नया रूप देने का मौका देता है।''

### रूसी ध्वज वाला टैंकर भीषण आग लगने के बाद लीबिया के तट के पास डूबा

**काहिरा :** तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) ले जा रहा रूसी ध्वज वाला एक टैंकर भूमध्य सागर में लीबिया के तट के पास विस्फोट और आग लगने के बाद डूब गया। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह टैंकर पश्चिमी प्रतिबंधों के दायरे में था और संदेह है कि यह रूस के गुप्त ऊर्जा टैंकर के बेड़े का हिस्सा था, जो यूक्रेन युद्ध को लेकर मॉस्को पर लगाए गए प्रतिबंधों को दरकिनार करने की कोशिश कर रहा था। विस्फोट का कारण तत्काल पता नहीं चल सका है। लीबियाई समुद्री प्राधिकरण के अनुसार, मंगलवार को 'आर्कटिक मेटागाज' नामक एलएनजी पोत पर अचानक विस्फोट हुआ, जिसके बाद भीषण आग लग गई। इसने बताया कि दुर्घटना के समय यह यह टैंकर लीबिया के सिरते शहर के तट से लगभग 240 किलोमीटर (150 मील) दूर था।

# सर्वोच्च नेता की पद की दौड़ में खामेनेई के पुत्र मुज्तबा



**दुबई :** ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे मुज्तबा खामेनेई को देश के अगले शीर्ष नेता के पद का दावेदार माना जा रहा है। पिछले सप्ताह युद्ध की शुरुआत में इजराइली हमले में खामेनेई की मौत से पहले भी मुज्तबा को उनके उत्तराधिकारी के रूप में देख जाता था। इस्लामिक गणराज्य ईरान की एक रहस्यमयी शख्सियत मुज्तबा खामेनेई सार्वजनिक तौर पर बहुत ही कम नजर आते हैं और उन्हें शनिवार के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है। बीते शनिवार को ही ईरान के सर्वोच्च नेता के कार्यालयों को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हवाई हमले में उनके 86 वर्षीय पिता अली खामेनेई मौत हो गई थी। खामेनेई की पत्नी ज़हरा हद्दा आदिल भी मारी गईं। माना जाता है कि मुज्तबा खामेनेई अभी भी जीवित हैं और संभवत: किसी सुरक्षित स्थान पर हैं क्योंकि अमेरिकी और इजराइली हवाई हमले ईरान पर जारी हैं, हालांकि सरकारी ईरानी मीडिया ने उनके ठिकाने के बारे में खबर नहीं दी है। मुज्तबा खामेनेई का नाम उनके पिता की जगह लेने वाले संभावित उम्मीदवार के रूप में लगातार चर्चा में है, हालांकि अतीत में वंशवाद से जोड़कर इस पहलू की आलोचना की गई थी। हालांकि अब जब उनके पिता और पत्नी की मौत हो गई है, तो 88 सीटों वाली विशेषज्ञ सभा के उम्रदराज़ मौलवियों द्वारा खामेनेई का समर्थन करने की संभावना है। यह सभा ही देश के अगले सर्वोच्च नेता का चयन करेगी।

# ब्रिटेन के एश्मोलियन संग्रहालय ने प्राचीन मूर्ति लौटाई, तमिलनाडु के मंदिर में होगी स्थापित



**लंदन :** ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के ऐश्मोलियन संग्रहालय ने 16वीं शताब्दी की एक कांस्य प्रतिमा को भारत को लौटाई है जिसे तमिलनाडु में उसके मूल मंदिर में स्थापित किया जाएगा। संत थिरुमनकाई अलवर की पवित्र प्रतिमा को संग्रहालय ने 1967 में सोथबी की नीलामी में हासिल किया था। नवंबर 2019 में एक स्वतंत्र शोधकर्ता ने थाडिकोम्बु में श्री सौंदराजा पेरुमल के मंदिर से इसकी उत्पत्ति के बारे में जानकारी दी थी। इसके मद्देनजर संग्रहालय ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग से इसकी उत्पत्ति की औपचारिक पुष्टि करने का अनुरोध किया, और यह प्रक्रिया मंगलवार शाम को इंडिया हाउस में एक औपचारिक हस्तांतरण समारोह के साथ संपन्न हुई। ब्रिटेन के पहले सार्वजनिक संग्रहालय के निदेशक डॉ. ज़ा स्टर्गिस ने कहा, ''यह ऐश्मोलियन संग्रहालय के लिए वास्तव में एक महत्वपूर्ण क्षण है।'' इस संग्रहालय की स्थापना 17 वीं शताब्दी में हुई। उन्होंने कहा, ''पांच साल से भी अधिक समय पहले हमें पहली बार पता चला कि इस कांस्य प्रतिमा की तस्वीर तमिलनाडु के मंदिर में ली गई थी। उस समय यह स्पष्ट हो गया कि इसे भारत से किसी वैध तरीके से बाहर नहीं ले जाया जा सकता था। उन्होंने कहा, ''भले ही संग्रहालय ने इस कांस्य प्रतिमा को 1967 में सद्भावना के साथ अधिग्रहीत किया था, हमने इसे भारत को लौटाने की संभावना पर भारतीय उच्चायोग के साथ बातचीत शुरू की। ''

# ईरान के हमलों से खाड़ी देशों में भारतीय दहशत में, परिजन उनकी वापसी के इंतजार में



**हरिद्वार :** अमेरिका और इजराइल के ईरान पर संयुक्त हमले के बाद जारी युद्ध के कारण खाड़ी देशों में रह रहे भारतीय खौफ के साये में जी रहे हैं जबकि यहां देश में उनके परिवार उनकी सलामती को लेकर फिक्रमंद हैं और उनकी जल्द वापसी का इंतजार कर रहे हैं। ईरान के लगातार मिसाइल और ड्रोन हमलों से खाड़ी देशों में हालात बिगड़ते जा रहे हैं जिससे वहां रहने वाले लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर असर पड़ा है और वे घरों में रहने को मजबूर हैं। संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह में रहने वाले हरिद्वार के ज्वालापुर क्षेत्र के शाहरूख ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि ईरान के हमलों के बाद पिछले पांच दिनों से दुबई के कुछ इलाकों में हालात ज्यादा ख़राब हैं, हालांकि मरीना, शारजाह, जबेल अली क्षेत्रों में इक्का दुक्का हमले हो रहे हैं। एक बहुराष्ट्रीय कंपनी हिमांको स्टील में काम करने वाले शाहरूख ने बताया कि वहां की सरकार नें सभी को घरों में ही रहने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा, ''हमारी कंपनी में भी पांच दिन से काम बंद है। मंगलवार से सीमित संख्या में हवाई सेवाएं व कुछ आवश्यक सेवाएं शुरू की गई हैं।'' शाहरूख ने बताया कि उनकी सोसायटी में 100 से अधिक भारतीय हैं और सभी जल्द हालात सुधरने की दुआ कर रहे हैं। कुवैत के शबाल अहमद इलाके में रहने ज्वालापुर क्षेत्र के ही सराय निवासी रिहान ने फोन पर बताया कि कुछ मिसाइलें कुवैत के शहरी इलाके के ऊपर से गुजरती दिखाई दी थीं, और एक मिसाइल ने शहर से कुछ किलोमीटर दूर अमेरिकी सैन्य अड्डे को निशाना बनाया था। कुवैत में एक शेख के पास घरेलू चालक के रूप में कार्य करने वाले रिहान ने बताया, ''जब धमाका हुआ, उस समय मैं उस जगह से कुछ ही दूर अपनी कार से गुजर रहा था। जिस जगह मिसाइल गिरी, वहां काला धुआं उठने लगा। मिसाइल के गिरने के बाद शहर में तेज आवाज में सायरन बजने लगे।''

## पश्चिम एशिया में हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंधों के कारण विभिन्न एयरलाइन ने 180 उड़ानें रद्द कीं

**मुंबई :** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण हवाई क्षेत्र पर लगे प्रतिबंधों को लेकर बुधवार को मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु शहरों के हवाई अड्डों से लगभग 180 उड़ानें रद्द कर दी गईं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। मुंबई हवाई अड्डे पर 48 प्रस्थान और 45 आगमन उड़ानें रद्द हुईं, जबकि दिल्ली हवाई अड्डे पर बुधवार को 25 प्रस्थान और 27 आगमन उड़ानें रद्द हुईं। सूत्रों के अनुसार, बेंगलुरु हवाई अड्डे पर विभिन्न एयरलाइन ने 34 उड़ानें रद्द कीं, जिनमें 18 आगमन उड़ानें शामिल हैं। अमेरिका और इजराइल के ईरान पर संयुक्त हमले के बाद छिड़े संघर्ष के कारण पश्चिम एशिया में हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध लगने से 28 फरवरी से उड़ान सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं।

## दुबई में फंसी लारा दत्ता, मुंबई लौटने की कर रहीं कोशिश

**मुंबई :** अपने पति व पूर्व टेनिस खिलाड़ी महेश भूपति और बेटी के साथ दुबई में मौजूद बॉलीवुड अभिनेत्री लारा दत्ता भूपति ने बुधवार को कहा कि वह पश्चिम एशिया में जारी संकट को लेकर चिंतित हैं और मुंबई लौटने की उम्मीद कर रही हैं। अभिनेत्री ने कहा वह इजराइल-ईरान युद्ध शुरू होने के समय 'ब्रांड प्रमोशन' के लिए दुबई आई थीं, जो बीते तीन साल से उनके लिए एक घर की तरह है। उन्होंने बताया कि वह एक स्टूडियो में थीं तभी उन्होंने विस्फोटों की आवाज सुनीं और मिसाइल गुजरते हुए देखीं। उन्होंने कहा, मैं झूठ नहीं बोल सकती, ये दिन काफी तनावपूर्ण रहे हैं। हम घबराए हुए हैं और यह समय डरावना भी रहा है। ऊपर बहुत सारे लड़ाकू विमान उड़ रहे हैं, बहुत तेज धमाके हो रहे हैं।

## अबू धाबी हवाई अड्डे के पास हमले में तेलंगाना का युवक घायल

**करीमनगर :** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच अबू धाबी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास ईरान द्वारा किए गए एक हमले में तेलंगाना का युवक घायल हो गया। घायल युवक के माता-पिता ने बुधवार को यह जानकारी दी। राजन्ना सिरसिल्ला जिले में पोथिरेड्डीपल्ले गांव के निवासी एन राजेश्वर राव इस हमले में घायल हो गए। हवाई अड्डे के 'हाउसकीपिंग' विभाग में काम करने वाले राव ने अपने माता-पिता को बताया कि उन्हें और कई अन्य लोगों को मामूली चोटें आई हैं। पिता प्रभाकर राव ने बताया, मेरा बेटा एक साल से वहां काम कर रहा है। वह हवाई अड्डे पर काम करता है। हमले में उसे चोटें आईं। उसने वीडियो कॉल पर हमसे बात की लेकिन वह हमें अपनी चोटें नहीं दिखा रहा है। मैं चाहता हूं कि मेरा बेटा जल्द से जल्द घर लौट आए।

## केंद्रीय मंत्री चौहान अपना जन्मदिन 'प्रेम-सेवा संकल्प दिवस' के रूप में मनाएंगे



**भोपाल :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पांच मार्च को अपना 67वां जन्मदिन 'प्रेम-सेवा संकल्प दिवस' के रूप में मनाएंगे। इस अवसर पर वह मध्य प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर कोचिंग कक्षाओं और मोबाइल अस्पतालों की शुरुआत करेंगे। यह जानकारी उनके कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में दी गई। चौहान अपने समर्थकों के बीच 'मामा' के नाम से लोकप्रिय हैं और उनके जन्मदिन पर शुरू की जाने वाली कोचिंग कक्षाओं तथा अस्पतालों के नाम में भी 'मामा' शब्द जोड़ा जाएगा। बयान के मुताबिक, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौहान पर्यावरण, सेवा, सहयोग, शिक्षा और प्रतिभा संवर्धन से जुड़े पांच संकल्प भी लेंगे। भारतीय जनता पार्टी के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड बनाने वाले चौहान ने समर्थकों से अपील की है कि वे उनके जन्मदिन पर माला, गुलदस्ता, शॉल या अन्य उपहार न लाएं। उन्होंने शुभचिंतकों से एक पौधा लगाने और उसकी तस्वीर क्यूआर कोड के माध्यम से एक पोर्टल पर अपलोड करने की अपील की है, जिससे वे शिव वृक्ष मित्र बन सकेंगे।

## म्यांमा के नेतृत्व वाली और इसकी अपनी शांति प्रक्रिया का समर्थन करता है भारत : जयशंकर



**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत, म्यांमा के नेतृत्व वाली और उसकी अपनी शांति प्रक्रिया का समर्थन करता है, जो दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश में सभी के लिए स्थायी शांति और विकास सुनिश्चित कर सकती है। विदेश मंत्री ने म्यांमा के साथ अपने संबंधों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश भारत की तीन प्रमुख विदेश नीति की प्राथमिकताओं के संगम पर स्थित है, जिनमें 'पड़ोसी पहले', 'एक्ट ईस्ट' और 'महासागर नीति' शामिल है। म्यांमा, भारत के रणनीतिक पड़ोसियों में से एक है और यह उग्रवाद प्रभावित नगालैंड और मणिपुर समेत पूर्वोत्तर के कई राज्यों के साथ करीब 1,640 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। एक फरवरी, 2021 को सेना द्वारा तख्तापलट करके सत्ता हथियाने के बाद से देश में व्यापक हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं। सेना समर्थित पार्टी ने म्यांमा के हालिया आम चुनाव में जीत हासिल की। जयशंकर यांगून के मध्य में स्थित सरसोबेकमान साहित्यिक केंद्र भवन के उद्घाटन समारोह को वर्चुअल माध्यम से संबोधित कर रहे थे। इस भवन का निर्माण भारत की सहायता से किया गया है। उन्होंने कहा, ''दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में, जहां 14 लाख लोग शांति और सद्भाव से एक साथ रहते हैं, भारत ने म्यांमा के हितधारकों के साथ संघवाद और संवैधानिक व्यवस्था से संबंधित अपने अनुभव नियमित रूप से साझा किए हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम एक समावेशी, म्यांमा के नेतृत्व वाली और इसकी अपनी शांति प्रक्रिया का समर्थन करते हैं, जो देश में सभी के लिए स्थायी शांति और विकास सुनिश्चित कर सके।'' जयशंकर ने कहा कि सरसोबेकमान केंद्र म्यांमा के शास्त्रीय एवं लोक साहित्य के संरक्षण और अध्ययन के साथ-साथ अनुवाद, अभिलेखीय कार्य, रचनात्मक लेखन और विद्वानों के परस्पर संपर्क में सहयोग करेगा। उन्होंने कहा, म्यांमा हमारी तीन प्रमुख विदेश नीति प्राथमिकताओं – पड़ोस प्रथम, एक्ट ईस्ट और महासागर (जिसमें हिंद-प्रशांत क्षेत्र भी शामिल है) – के संगम पर स्थित है।'' विदेश मंत्री ने कहा, ''हमारी बहुआयामी भागीदारी में राजनीतिक, व्यापार, सुरक्षा और सांस्कृतिक सहयोग शामिल है। विकास सहयोग की बात करें तो म्यांमा के साथ हमारी भागीदारी जन-केंद्रित और मांग-आधारित रही है, जिसका उद्देश्य स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत करना और जीवन स्तर में सुधार लाना है।''

## तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव के लिए द्रमुक ने कांग्रेस को 28 सीट दीं

**चेन्नई :** द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) ने तमिलनाडु में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को सीट बंटवारे को अंतिम रूप देते हुए कांग्रेस को 28 सीट आवंटित की। इसके अलावा पार्टी को एक राज्यसभा सीट भी आवंटित की गई है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के तमिलनाडु प्रभारी गिरीश चोडणकर और तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के. सेल्वापेरुथंगाई समेत पार्टी के शीर्ष नेताओं ने द्रमुक के प्रमुख एम.के. स्टालिन और अन्य नेताओं के साथ द्रमुक के मुख्यालय अन्ना अरिवलायम में बातचीत की। सेल्वापेरुथंगाई ने सीट-बंटवारे को लेकर हुए समझौते पर संतुष्टि और प्रसन्नता प्रकट की।

## मणिपुर में दो उपमुख्यमंत्रियों, दो मंत्रियों को विभाग आवंटित किये गए

**इंफाल :** मणिपुर के दो उपमुख्यमंत्रियों और दो मंत्रियों को बुधवार को विभाग आवंटित किये गए। एक सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि मुख्यमंत्री वाई. खेमचंद सिंह को अभी कोई विशेष विभाग आवंटित नहीं किया गया है, जबकि कुकी समुदाय से संबंध रखने वाली उपमुख्यमंत्री नेमचा किपजेन को पंचायती राज विभाग और पर्वतीय एवं आदिवासी विकास विभागों की जिम्मेदारी दी गई है। सरकारी अधिसूचना के अनुसार, एक और उपमुख्यमंत्री व नगा पीपुल्स फ्रंट के नेता एल. डिखो को सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी और वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग आवंटित किए गए हैं। मंत्री गो-विंददास कोंठुजाम को गृह और युवा मामले व खेल विभाग दिए गए हैं। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के नेता के. लोकेन सिंह को कला एवं संस्कृति और पर्यावरण विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राज्य सरकार के एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि मार्च के दूसरे सप्ताह में विधानसभा के बजट सत्र के बाद मंत्रिमंडल विस्तार होने की संभावना है। नियम के अनुसार, 60 सदस्यीय विधानसभा वाले मणिपुर में मुख्यमंत्री समेत अधिकतम 12 मंत्री हो सकते हैं। राज्य में राष्ट्रपति शासन खत्म होने के बाद चार फरवरी को खेमचंद के नेतृत्व वाली सरकार ने शपथ ली थी। मणिपुर में पिछले साल फरवरी से राष्ट्रपति शासन लागू था।

## कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव में शरद पवार के समर्थन की घोषणा की

**मुंबई :** कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव में महाराष्ट्र से महा विकास आघाडी (एमवीए) उम्मीदवार के तौर पर राकांपा (शप) के प्रमुख शरद पवार के समर्थन की बुधवार को घोषणा की। महाराष्ट्र की सात सीट पर चुनाव होना है, जिसमें से एक पर एमवीए की जीत की संभावना है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव रमेश चेन्नीथला ने 'पीटीआई-भाषा' से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस नेतृत्व ने उन्हें 16 मार्च को होने वाले चुनाव में पवार का समर्थन करने के फैसले के बारे में बताने के लिए कहा है। पवार राज्यसभा के मौजूदा सदस्य हैं। कांग्रेस ने यह फैसला नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि पांच मार्च से एक दिन पहले लिया है। इससे पहले, एमवीए में शामिल तीन दलों कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) और शिवसेना (उबाठा) ने इस सीट पर उम्मीदवारी के लिए अपना-अपना दावा पेश किया था। अप्रैल में रिक्त होने वाली महाराष्ट्र की सात राज्यसभा सीट में से एक सीट पर संयुक्त विपक्ष की जीत की प्रबल संभावना है।

## भाजपा महाराष्ट्र से राज्यसभा के लिए तावड़े व आठवले समेत चार उम्मीदवारों की घोषणा की

**मुंबई :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महाराष्ट्र से आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए बुधवार को चार उम्मीदवारों की घोषणा की, जिनमें केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले और राज्य सरकार के पूर्व मंत्री विनोद तावड़े शामिल हैं। आठवले और तावड़े के अलावा पार्टी ने माया चिंतामन इवनेट और रामराव वाडकुटे को भी द्विवार्षिक चुनाव के लिए मैदान में उतारा है। महाराष्ट्र से राज्यसभा की सात सीटें अप्रैल में रिक्त होने वाली हैं। 288 सदस्यीय विधानसभा में 230 से अधिक विधायकों के साथ, भाजपा के नेतृत्व वाला महायुति गठबंधन अपने चारों उम्मीदवारों को जिताने की स्थिति में है। इस वर्ष महाराष्ट्र से राज्यसभा के जिन सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है, उनमें राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार, आरपीआई (ए) के प्रमुख आठवले, राकांपा (एसपी) की फौजिया खान, रजनी पाटिल (कांग्रेस), शिवसेना (उबाठा) की प्रियंका चतुर्वेदी और भाजपा नेता धनंजय पाटिल और भगवत कराड शामिल हैं। मतदान 16 मार्च को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे के बीच होगा और मतगणना उसी दिन शाम पांच बजे शुरू होगी।

## बारामती विमान दुर्घटना: रोहित पवार ने वीएसआर वेंचर्स को बचाने के प्रयासों का आरोप लगाया

**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) विधायक रोहित पवार ने बुधवार को आरोप लगाया कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार से जुड़े विमान हादसे के संबंध में कोई वीएसआर वेंचर्स को बचाने की कोशिश कर रहा है। पवार ने दावा किया कि वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक जांच ने उनके द्वारा पहले उठाए गए संदेहों को सही साबित कर दिया है। उन्होंने वीएसआर कंपनी पर अतीत में कई गंभीर लापरवाही बरतने का भी आरोप लगाया। वीएसआर वेंचर्स द्वारा संचालित लीयरजेट45 विमान 28 जनवरी को पुणे जिले के बारामती हवाई पट्टी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पवार और चार अन्य लोगों की मौत हो गई। वीएसआर वेंचर के लीयरजेट विमान दुर्घटना पर अपनी 22-पृष्ठ की प्रारंभिक रिपोर्ट में, एएआईबी ने कहा कि दुर्घटना के समय दृश्यता निर्धारित स्तर से कम थी। इसमें रनवे पर बने निशानों के धुंधले पड़ने और रनवे की सतह पर बजरी मौजूद होने की बात भी उठाई गई। पवार ने कहा, मैं वीएसआर या नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के खिलाफ नहीं हूं। अजित दादा वीएसआर के विमान में यात्रा कर रहे थे। जब तक हम हर पहलू की गहराई से जांच नहीं करेंगे, तब तक सच्चाई का पता नहीं चलेगा, लेकिन कोई इस कंपनी को बचाने की कोशिश कर रहा है। हमने जो संदेह उठाए थे, वे जांच रिपोर्ट में सही साबित हुए हैं।''

## भागवत गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर, खेडा जिले में स्वामीनारायण मंदिर में दर्शन किए

**अहमदाबाद :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने गुजरात के दो दिवसीय दौरे के पहले दिन बुधवार को खेड़ा जिले में स्थित स्वामीनारायण मंदिर में दर्शन किए एक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि संघ प्रमुख सुबह अहमदाबाद के मणिनगर इलाके में स्थित आरएसएस के गुजरात मुख्यालय पहुंचे और फिर दोपहर में वड़ताल गांव स्थित स्वामीनारायण मंदिर गए। इसमें कहा गया है कि उन्होंने मंदिर में दर्शन किए तथा स्वामीनारायण संप्रदाय के संतों के साथ अनौपचारिक बातचीत की।

## मुंबई हवाई अड्डे पर 44 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ, हीरे और सोने के आभूषण जब्त किये गए

**मुंबई :** सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक सप्ताह के भीतर विभिन्न मामलों में 46 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ, विदेशी मुद्रा, सोना और रत्न जब्त किए हैं। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि बैंकॉक से छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे नौ यात्रियों से अलग-अलग मामलों में कुल 44.292 किलोग्राम संदिग्ध हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया गया, जिसका बाजार मूल्य 44.292 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि इन सभी यात्रियों को मादक पदार्थ एवं मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा 299 ग्राम मेथाक्वालोन (एनडीपीएस अधिनियम के तहत एक मन:प्रभावी पदार्थ) भी जब्त किया गया, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य 74,75,000 रुपये है। उन्होंने बताया कि पांच अलग-अलग मामलों में, सीमा शुल्क विभाग के कर्मियों ने 32,85,668 रुपये मूल्य की भारतीय और विदेशी मुद्रा, 94,97,300 रुपये मूल्य के हीरे, 160.790 ग्राम वजन के सोने के आभूषण आदि जब्त किये हैं।

## आंध्र प्रदेश: सड़क दुर्घटना में बेंगलुरु के परिवार के पांच सदस्यों की मौत

**पालामनेरू (आंध्र प्रदेश) :** तिरुपति जा रही एक कार चित्तूर जिले में बुधवार को एक खड़े ट्रक से टकरा गई जिससे कार सवार परिवार के पांच सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कार सवार परिवार बैंगलुरु निवासी था। पुलिस ने बताया कि मृतकों में तीन महिलाएं शामिल हैं और यह दुर्घटना बुधवार तड़के करीब आठ बजकर 45 मिनट पर पालामनेरू के पास चार लेन राजमार्ग पर हुई। अधिकारी ने कहा, ''परिवार के सदस्य कार से बेंगलुरु से तिरुपति जा रहे थे और उनकी कार पालामनेरू के पास खड़े एक ट्रक से टकरा गई, जिससे परिवार के पांच सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई।'' पुलिस के अनुसार, माना जा रहा है कि यह दुर्घटना वाहन की गति तेज होने की वजह से हुई। अधिकारी ने बताया कि मृतक के परिजन को सूचित कर दिया गया है।

## मोदी ने फिनलैंड के राष्ट्रपति का स्वागत किया, कहा- 'द्विपक्षीय संबंध नयी ऊंचाइयों को छुएंगे'

### चार दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे फिनलैंड के राष्ट्रपति



**नयी दिल्ली :** फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब बुधवार सुबह यहां पहुंचे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत और फिनलैंड के बीच संबंध नई ऊंचाइयों को छूएंगे। राष्ट्रपति स्टब का हवाई अड्डे पर औपचारिक स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। विदेश राज्य मंत्री के. वी. सिंह ने उनका स्वागत किया। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, भारत में आपका स्वागत है, राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब। मैं आपसे पूरी तरह सहमत हूं कि आपकी यात्रा भारत-फिनलैंड संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। मैं कल हमारी मुलाकात और 'रायसीना डायलॉग 2026' में आपके मुख्य संबोधन का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी राष्ट्रपति स्टब के उस पोस्ट के जवाब में की, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह भारत की एक राजकीय यात्रा पर जा रहे हैं। राष्ट्रपति स्टब ने 'एक्स' पर लिखा, मैं भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण नेताओं से मुलाकात करूंगा। यह यात्रा व्यापार सहित भारत और फिनलैंड के संबंधों को और मजबूत करेगी। राष्ट्रपति स्टब 'रायसीना डायलॉग 2026' में मुख्य अतिथि और प्रमुख वक्ता होंगे। इसके अलावा, वह प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए तथा क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

## हिंदी थोपने के लिए सारी हदें पार कर रही है केंद्र सरकार : स्टालिन




**चेन्नई :** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बुधवार को केंद्र की भाजपा सरकार पर हिंदी थोपने के लिए ''सारी हदें पार करने'' का आरोप लगाया और तिरुचिरापल्ली रेलवे मंडल कार्यालय के प्रवेश द्वार का नाम हिंदी में रखने के कदम की निंदा की। रेलवे मंडल कार्यालय (तिरुचिरापल्ली) के प्रवेश द्वार को हाल ही में 'कर्तव्य द्वार' नाम दिया गया, जिससे राज्य में भाषा थोपने को लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए मुख्यमंत्री ने दावा किया कि केंद्र की भाजपा सरकार ने ''एक भाषा, तीन लिपियों'' को बढ़ावा देने के बहाने तमिल और अंग्रेजी में हिंदी नाम लिखने की आड़ में हिंदी थोपना शुरू कर दिया है। स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''उन्होंने रेलवे के तिरुचिरापल्ली डिवीजन कार्यालय के प्रवेश द्वार पर 'कर्तव्य द्वार' लिखा है। तमिल और अंग्रेजी नामों पर हिंदी थोपने का प्रयास छोड़ दिया जाना चाहिए और उचित तमिल नामों को तुरंत शामिल किया जाना चाहिए।''

## 'सेक्रेड गेम्स' की अभिनेत्री राजश्री देशपांडे को हुआ स्तन कैंसर



**मुंबई :** अभिनेत्री राजश्री देशपांडे ने बुधवार को खुलासा किया कि उन्हें स्तन कैंसर हुआ है और सफल सर्जरी के बाद अब वह तेजी से ठीक हो रही हैं। 'सेक्रेड गेम्स' और 'ट्रायल बाय फायर' जैसी प्रशंसित वेब सीरिज से मशहूर हुईं अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर अस्पताल की एक तस्वीर के साथ यह खबर साझा की। राजश्री ने बताया कि उन्होंने अपने माता-पिता को यह बताने के लिए 'साहस' जुटाया कि उन्हें 'इनफिल्ट्रेटिंग डक्टल कार्सिनोमा' (एनओएस), हुआ है, जो स्तन कैंसर है का शुरुआती चरण है। उन्होंने बताया, खुशी इस बात की है कि हमें नियमित जांच के दौरान ही इसका पता चल गया, जिससे हमें बचने का मौका मिला। ढेरों टेस्ट और सर्जरी किसी तेजी उतार-चढ़ाव भरे दौर की तरह थी लेकिन यकीन मानिए, सभी के प्यार और स्नेह ने ही मुझे इस मुश्किल दौर से बाहर निकाला। अभिनेत्री ने कहा, सर्जरी के बाद अपनी आई और पापा के चेहरे देखकर मेरा डर दूर हो गया और मुझमें अपार शक्ति आ गई। सभी के सहयोग से मुझे लगता है कि मैं दुनिया का सामना करने के लिए तैयार हूं।

## दुनिया नाजुक दौर में, नेताओं को संयम रखना चाहिए : रामदेव



**हरिद्वार :** योगगुरु स्वामी रामदेव ने इजराइल अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध पर बुधवार को चिंता जाहिर करते हुए कहा कि इस नाजुक समय में हमारे नेताओं को संयम बरतना चाहिए और ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की फजीहत हो। पतंजलि योग पीठ में अपने अनुयायियों के साथ जमकर फूलों की होली खेलने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में स्वामी रामदेव ने कहा कि इस समय दुनिया बड़े नाजुक दौर से गुजर रही है जहां रूस-यूक्रेन और अब इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष ने गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे में हमारे धार्मिक और राजनीतिक नेताओं को संयम बरतना चाहिए और भारत की कूटनीति एवं विदेश नीति की आलोचना करने से बचना चाहिए। स्वामी रामदेव ने कहा, 'हमारे बीच वैचारिक, मजहबी जातीय मतभेद हो सकते हैं मगर इन्हे मनभेद नहीं बनाना चाहिए। ऐसे नाजुक दौर में हमें कोई ऐसा काम नहीं करना चाहिए जिससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दुनिया में भारत की फजीहत हो और देश को नुकसान उठाना पड़े।' उन्होंने कहा कि भारत के एक करोड़ से ज्यादा लोग इस समय ईरान और उसके आसपास के देशों में फंसे हुए हैं जो बड़े पैमाने पर देश की आर्थिक समृद्धि में योगदान देते है। उन्होंने कहा कि इस समय हमें इस बात कि चिंता करनी चाहिए कि युद्ध की भीषण त्रासदी से पश्चिम एशिया को कैसे उबारा जाये क्योंकि यह पूरी दुनिया के लिए खतरे की घंटी हैं।

## राजौरी में नियंत्रण रेखा के पास सेना ने आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम किया

**राजौरी/जम्मू :** सेना के जवानों ने राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास आतंकवादियों के एक समूह द्वारा घुसपैठ के प्रयास को बुधवार को विफल कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध व्यक्तियों को तड़के करीब 4.15 बजे तुर्कंडी अग्रिम क्षेत्र से इस तरफ घुसने की कोशिश करते हुए देखा गया, जिसके बाद सेना ने गोलीबारी की। सेना की जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर ने पुष्टि की है कि सीमा पार से आतंकवादियों द्वारा घुसपैठ के प्रयास को विफल कर दिया गया है। इसने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं और निरंतर निगरानी के आधार पर, चार मार्च को तड़के नियंत्रण रेखा के पास भीमबर गली के सामान्य क्षेत्र में आतंकवादियों की गतिविधि का पता चला। पोस्ट में कहा गया, व्हाइट नाइट कोर के सतर्क सैनिकों ने तेजी से कार्रवाई की, घुसपैठ के प्रयास को विफल कर दिया और नियंत्रण रेखा के उल्लंघन को रोक दिया। समन्वित जमीनी कार्रवाई के माध्यम से दुश्मन की योजनाओं को प्रभावी ढंग से विफल कर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया है कि गोलीबारी में कोई आतंकवादी घायल हुआ है या नहीं। व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया गया है और आतंकवादियों की किसी भी मौजूदगी को खत्म करने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं। सेना ने कहा कि क्षेत्र में कड़ी निगरानी की जा रही है और पूरे क्षेत्र में मजबूत परिचालन स्थिति और उच्च सतर्कता बनी हुई है। सेना ने कहा कि जवान पूरी तरह सतर्क हैं – घुसपैठ का हर प्रयास विफल होगा।

## धनबाद में होली पर अश्लील गीत बजाने को लेकर हुई गोलीबारी में तीन लोग घायल

**धनबाद (झारखंड) :** झारखंड के धनबाद जिले में बुधवार को होली के दौरान अश्लील गीत बजाने और पुरानी रंजिश के कारण हुए विवाद को लेकर गोलीबारी की घटना में तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। धंसार पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरमासिया फुटबॉल मैदान के पास हुई इस घटना के संबंध में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। धंसार पुलिस थाना प्रभारी मनोहर करमाली ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''प्रथम दृष्टया, अश्लील गीत बजाने को लेकर हुए विवाद के कारण गोलीबारी हुई। लेकिन आरोपियों और पीड़ितों के बीच वित्तीय लेन-देन को लेकर दुश्मनी थी।'' उन्होंने बताया कि घायलों को धनबाद स्थित शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर है।

## ब्रिटेन के भारत हिंदू समाज मंदिर को उच्च न्यायालय से राहत मिली

**लंदन :** ब्रिटेन के पीटरबरो शहर स्थित 40 साल पुराने एक हिंदू मंदिर और सामुदायिक केंद्र को सबसे अधिक बोली लगाने वाले को उसका परिसर बेचे जाने के मामले में लंदन उच्च न्यायालय से राहत मिली है। भारत हिंदू समाज मंदिर की स्थापना 1986 में शहर के न्यू इंग्लैंड कॉम्प्लेक्स में हुई थी। न्यायमूर्ति माइकल फोर्डहम ने पिछले सप्ताह न्यू इंग्लैंड कॉम्प्लेक्स के निपटान से संबंधित किसी भी ''अपरिवर्तनीय कदम'' पर रोक लगाने का आदेश जारी किया। 'पीटरबरो टेलीग्राफ' में प्रकाशित एक अदालती रिपोर्ट में न्यायाधीश फोर्डहम के हवाले से कहा गया है, ''ऐसा प्रतीत होता है कि प्रतिवादी (पीटरबरो नगर परिषद) ने स्वयं ही इस स्थिति को उत्पन्न किया है।'' उन्होंने कहा, अदालत ने निर्देश लेने को कहा है। लेकिन मुझे कोई ठोस प्रतिक्रिया और व्यावहारिक स्थिति के बारे में कोई पारदर्शिता नहीं दिखी है।'' यह अस्थायी राहत भारत हिंदू समाज धर्मार्थ संस्था द्वारा दायर न्यायिक समीक्षा याचिका के बाद मिली है, जिसने परिसर की बिक्री के खिलाफ अपनी कानूनी चुनौती के लिए धन जुटाने के वास्ते ऑनलाइन 'गो फंड मी' अपील शुरू की और अपने 86,000 पाउंड के लक्ष्य में से लगभग 36,000 पाउंड तेजी से जुटा लिए। अदालती दस्तावेजों के माध्यम से समूह को पता चला कि परिषद द्वारा संपत्ति अधिग्रहण के लिए बोली लगाने वाली संस्था मस्जिद खदीजा और खदीजा मस्जिद का इस्लामिक सेंटर है। भारत हिंदू समाज का कहना है, ''इसका परिणाम यह होगा कि भविष्य में एक धार्मिक समूह एक परिसर का मालिक होगा, जबकि दूसरा धार्मिक समूह उसमें (किरायेदार) रहेगा।''

# भारत बनाम इंग्लैंड: एक दूसरे के खेल की अच्छी समझ रखने वाली टीमों के बीच होगी श्रेष्ठता की जंग


**मुंबई :** टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम पर भारत और इंग्लैंड के बीच कड़ा मुकाबला होने जा रहा है। दोनों टीमें एक-दूसरे के खेल और रणनीति से भली-भांति परिचित हैं, ऐसे में यह मुकाबला कौशल के साथ मानसिक मजबूती की भी परीक्षा होगा।टूर्नामेंट की शुरुआत में प्रबल दावेदार मानी जा रही भारतीय टीम का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा। ग्रुप चरण में सभी मैच जीतने के बावजूद सुपर आठ में दक्षिण अफ्रीका से मिली हार ने टीम की कमजोरियां उजागर कर दी थीं। हालांकि इसके बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव की अगुआई में टीम ने लय हासिल की और सेमीफाइनल तक का सफर तय किया।संजू सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 97 रन की पारी खेलकर आत्मविश्वास लौटाया है। उनसे एक बार फिर तेज शुरुआत की उम्मीद होगी, जबकि अभिषेक शर्मा को बड़ी पारी खेलकर फॉर्म में वापसी करनी होगी। इंग्लैंड की ओर से जोफ्रा आर्चर की शॉर्ट पिच गेंदें और आदिल राशिद की फिरकी भारतीय बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा लेंगी। लियाम डॉसन और विल जैक्स भी पावरप्ले में प्रभाव छोड़ सकते हैं। भारतीय गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह की भूमिका अहम रहेगी, खासकर अंतिम ओवरों में। अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती की स्पिन जोड़ी को छोटी बाउंड्री वाले मैदान पर सटीक लाइन-लेंथ बनाए रखनी होगी। हार्दिक पंड्या से ऑलराउंड प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।भारत और इंग्लैंड लगातार तीसरी बार विश्व कप सेमीफाइनल में भिड़ रहे हैं। 2022 में इंग्लैंड ने जीत दर्ज की थी, जबकि 2024 में भारत ने हिसाब बराबर किया। इंग्लैंड के लिए हैरी ब्रूक, सैम कुरेन और विल जैक्स अहम खिलाड़ी होंगे, जबकि जोस बटलर की फॉर्म पर भी नजरें टिकी रहेंगी। शाम सात बजे शुरू होने वाला यह मुकाबला रोमांच और रणनीतिक जंग का गवाह बनने को तैयार है।



### सेमीफाइनल तक पहुंचने का तरीका नहीं, अगले दो मैच जीतना मायने रखता है: मोर्केल

इंग्लैंड की तरह भारत का भी टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल तक का सफर आसान नहीं रहा है, लेकिन गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल ने घरेलू टीम के अब तक के प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रहने को खास तवज्जो नहीं दी और बुधवार को यहां कहा कि सेमीफाइनल तक पहुंचने का तरीका नहीं बल्कि अगले दो मैच जीतना मायने रखता है।

### वरूण चक्रवर्ती ने नेट्स पर बहाया पसीना



**मुंबई :** स्पिनर वरूण चक्रवर्ती समेत चार भारतीय क्रिकेटरों ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल से पहले मुंबई की भीषण गर्मी में अभ्यास किया। पिछले एक साल से बीच के ओवरों में भारत के 'ट्रंपकार्ड' रहे चक्रवर्ती अपनी रफ्तार बढाने के बाद से और प्रभावी हो गए हैं। पिछले एक साल में उन्होंने 13.19 की औसत और सात के करीब इकॉनॉमी रेट से 36 विकेट लिये हैं। टी20 विश्व कप के शुरूआती चरण में तो वह प्रभावी रहे लेकिन सुपर आठ में उस प्रदर्शन को कायम नहीं रख सके। मंगलवार की रात अभ्यास सत्र के बाद वह आराम कर सकते थे लेकिन उन्होंने अभ्यास करने का फैसला किया। मैदान पर सहयोगी स्टाफ के सदस्य टी दिलीप, मोर्नी मोर्कल, रियान टेन डोइशे और सितांशु कोटक भी मौजूद थे जिन्होंने चक्रवर्ती से लंबी बात की।

## मुझे नहीं लगता कि इग्लैंड को टूर्नामेंट जीतने के लिये परफेक्ट खेल दिखाना होगा : ब्रूक



**मुंबई :** इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने बुधवार को कहा कि एकता, आत्मविश्वास और दबाव का बखूबी सामना करने की कला से इंग्लैंड टी20 विश्व कप सेमीफाइनल तक पहुंचा है और दो बार की चैम्पियन टीम को खिताब जीतने के लिये 'परफेक्ट खेल' दिखाने की जरूरत नहीं है। इंग्लैंड का सामना दूसरे सेमीफाइनल में दो बार की चैम्पियन भारतीय टीम से होगा। इंग्लैंड और भारत ने अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया है। यह पूछने पर कि भारत को उसकी सरजमीं पर हराने के लिये क्या इंग्लैंड को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा, ब्रूक ने कहा ,'' नहीं , मुझे नहीं लगता कि यह टूर्नामेंट जीतने के लिये परफेक्ट गेम की जरूरत है।'' उन्होंने कहा ,'' अभी तक हम परफेक्ट मैच नहीं खेल पाये हैं लेकिन इसके बावजूद अच्छी जीत दर्ज की है। हम एकता, आत्मविश्वास और दबाव में भी शांतचित्त रहने के कारण यहां तक पहुंच पाये हैं।'' उन्होंने कहा ,'' मेजबान के खिलाफ इस ऐतिहासिक मैदान पर विश्व कप सेमीफाइनल खेलना हम में से अधिकांश के लये सपना सच होने जैसा है। हम सभी काफी रोमांचित हैं।'

## टी20 विश्व कप में बना सबसे अधिक दर्शक संख्या का नया रिकॉर्ड

**नयी दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने बुधवार को बताया कि मौजूदा टी20 विश्व कप ने प्रसारण के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं क्योंकि इस टूर्नामेंट को देखने वाले दर्शकों की संख्या 50 करोड़ के आंकड़े को पार कर चुकी है, जो टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक है। आईसीसी ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले दर्शकों की संख्या के मामले में कुछ लक्ष्य तय किए थे और वह उन्हें हासिल करने में सफल रहा। शाह ने एक्स पर लिखा, ''आईसीसी टी20 विश्व कप का सफर इसे वैश्विक और सहज क्रिकेट प्रतियोगिता बनाने के लक्ष्य के साथ शुरू हुआ था। मुझे खुशी है कि भारत में हो रही इस प्रतियोगिता में दर्शकों की संख्या 50 करोड़ से अधिक हो गई है, जो टी20 विश्व कप के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक संख्या है।'' उन्होंने कहा, ''यह देखकर बेहद खुशी हुई कि जियो हॉटस्टार पर टूर्नामेंट को देखने वाले दर्शकों की संख्या छह करोड़ 50 लाख तक पहुंच गई है। टूर्नामेंट के नॉकआउट मैच आज रात से शुरू हो रहे हैं और हमें उम्मीद है कि भारतीय प्रशंसकों से हमारी इस प्रतियोगिता को मिलने वाला अपार प्यार और भी रिकॉर्ड बनाने में मदद करेगा।'' टूर्नामेंट के दो सेमीफाइनल और फाइनल अभी खेले जाने बाकी हैं, लेकिन उसने 2024 में अमेरिका में खेले गए टूर्नामेंट में दर्शकों की संख्या का रिकॉर्ड पहले ही तोड़ दिया है।

### एएफसी महिला एशियाई कप : वियतनाम से हारी भारतीय टीम

**पर्थ :** भारतीय टीम ने इंजुरी स्टॉपेज टाइम में एक गोल गंवाया और महिला एएफसी एशियाई कप फुटबॉल के पहले मैच में बुधवार को वियतनाम से 1-2 से हार गई। पहला मैच खेल रही संफिदा नोंगरम ने 65वें मिनट में बराबरी का गोल किया। इससे पहले वियतनाम ने एंगान थि वान सू के गोल के दम पर 30वें मिनट में बढत बना ली थी। भारत ने अतिरिक्त समय के चौथे मिनट में गोल गंवाया और एंगान थि वान सू ने एक और गोल करके टीम को जीत दिला दी। इस हार के बावजूद भारत का प्रदर्शन सराहनीय कहा जायेगा क्योंकि विश्व रैंकिंग में वियतनाम 36वें और भारत 67वें स्थान पर है। वियतनाम 2023 फीफा महिला विश्व कप खेल चुका है और एशियाई कप 2022 क्वार्टर फाइनल तक पहुंचा था।

## फिन एलेन के तूफानी शतक से दक्षिण अफ्रीका को हराकर न्यूजीलैंड फाइनल में



**कोलकाता :** टी20 विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने विस्फोटक बल्लेबाज फिन एलेन के रिकॉर्ड 33 गेंद में नाबाद शतक की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली। 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एलेन ने ईडन गार्डंस पर होली के दिन चौकों-छक्कों की बारिश कर दी। उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और आठ छक्के जड़ते हुए टीम को मात्र 12.5 ओवर में जीत दिला दी। उन्होंने 19 गेंद में पहला अर्धशतक और अगली 14 गेंद में शतक पूरा कर टूर्नामेंट के सबसे तेज शतकों में अपना नाम दर्ज कराया। एलेन को टिम सीफर्ट (33 गेंद में 58 रन) का भरपूर साथ मिला। दोनों ने पहले नौ ओवर में 117 रन की साझेदारी कर मैच पूरी तरह न्यूजीलैंड के पक्ष में झुका दिया। पावरप्ले के छह ओवर में ही कीवी टीम ने 84 रन ठोक दिए थे। इससे पहले कप्तान मिचेल सेंटनेर की अगुआई में न्यूजीलैंड के स्पिनरों ने दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट पर 169 रन पर रोक दिया। ऑफ स्पिनर कोल मैकोंची ने एक ही ओवर में क्विंटोन डिकॉक और रियान रिकेलटन को लगातार गेंदों पर आउट कर शुरुआती झटका दिया। रचिन रविंद्र ने एडेन मार्करम और डेविड मिलर को पवेलियन भेजा। दक्षिण अफ्रीका के लिए मार्को यानसेन ने 30 गेंद में नाबाद 55 रन बनाकर पारी संभाली, लेकिन उनका प्रयास नाकाफी रहा। न्यूजीलैंड 2021 के बाद दूसरी बार टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचा है। अब उसकी नजरें खिताब पर टिकी हैं।

## बांग्लादेश में वनडे श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की टीम में छह नए चेहरे

**लाहौर :** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बांग्लादेश के खिलाफ उसकी धरती पर होने वाली तीन मैच की वनडे श्रृंखला के लिए बुधवार को अपनी 15 सदस्यीय टीम में छह नए खिलाड़ियों को शामिल किया। यह श्रृंखला 11 मार्च से खेली जाएगी। दूसरा वनडे 13 और तीसरा वनडे 15 मार्च को खेला जाएगा। सभी मैच ढाका के शेरे बांग्ला क्रिकेट स्टेडियम में होंगे। जिन नए खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है उनमें माज़ सदाकत, शमील हुसैन, ग़ाज़ी घोरी, साद मसूद और अब्दुल समद शामिल हैं।

### पीसीबी ने सरफराज अहमद को मुख्य कोच का पद देने की पेशकश की

**कराची :** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पूर्व कप्तान सरफराज अहमद के सामने पाकिस्तान की टेस्ट टीम का मुख्य कोच बनने का प्रस्ताव रखा है। पीसीबी 38 वर्षीय सरफराज से यह पद संभालने के लिए उनकी पुष्टि का इंतजार कर रहा है। अगर सरफराज यह पद स्वीकार करते हैं तो वह सबसे युवा मुख्य कोच बन जाएंगे। पाकिस्तान का आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत इस साल टेस्ट मैचों का कार्यक्रम काफी व्यस्त है, जिसमें मई में बांग्लादेश में दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे। इसके बाद वह वेस्टइंडीज और इंग्लैंड का दौरा करेगा। पाकिस्तान ने अपनी अंतिम टेस्ट श्रृंखला पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपनी धरती पर खेली थी जो 1-1 से ड्रॉ रही थी। उस श्रृंखला में पूर्व ऑलराउंडर अजहर महमूद ने अंतरिम मुख्य कोच की भूमिका निभाई थी।

### अरविंद चिदंबरम ने विश्व चैंपियन गुकेश को हराया

**प्राग :** मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम ने प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के छठे दौर में सटीक रणनीति अपना अपनाकर हमवतन डी गुकेश को हराया जिससे मौजूदा फिडे विश्व चैंपियन अंतिम स्थान पर खिसक गया। अरविंद की जीत का मतलब है कि गुकेश अब लाइव रेटिंग सूची में 20वें स्थान पर खिसक गए हैं। किसी प्रतियोगिता में नहीं खेलने के कारण विश्वनाथन आनंद इस सूची में शामिल नहीं हैं। दिसंबर 2024 में खिताब जीतने के बाद से गुकेश को विश्व चैंपियन का अपना रुतबा बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। जनवरी 2025 में टाटा स्टील मास्टर्स टूर्नामेंट एकमात्र अपवाद था, जब पहले स्थान के लिए खेले गए टाइब्रेकर में वह हमवतन आर प्रज्ञाननंदा से हार गए थे। अरविंद ने काले मोहरों से खेलते हुए फिलिडोर डिफेंस का प्रयोग बुरी तरह विफल होने के बाद सिसिलियन डिफेंस अपनाया। गुकेश के लिए मुश्किलें खड़ी करना आसान था क्योंकि मिडिल गेम के शुरू में उन्होंने अपना एक प्यादा कुर्बान कर दिया था। अरविंद ड्रॉ से खुश हो जाते लेकिन गुकेश ने 40वीं चाल में गलती की। अरविंद ने इसका फायदा उठाकर 48 चाल में जीत हासिल कर दी।



### एमआरएफ तमिलनाडु में नया संयंत्र स्थापित करने के लिए 5,300 करोड़ रुपये का निवेश करेगी

**चेन्नई :** टायर क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एमआरएफ लिमिटेड ने बुधवार को तमिलनाडु सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत कंपनी राज्य में टायर निर्माण की एक नयी इकाई स्थापित करने के लिए अगले 12 वर्षों में 5,300 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। राज्य सरकार द्वारा जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, यह संयंत्र शिवगंगा जिले के सिपकॉट औद्योगिक पार्क में स्थापित किया जाएगा। इस परियोजना से लगभग 1,000 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है। सचिवालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की उपस्थिति में निवेश संबंधी दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री टीआरबी राजा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। चेन्नई स्थित मुख्यालय वाली कंपनी एमआरएफ ने शेयर बाजार को दी गई जानकारी में बताया कि कंपनी ने वाहन टायर और संबंधित उत्पादों के निर्माण के लिए एक नया संयंत्र स्थापित करने हेतु तमिलनाडु सरकार की नोडल एजेंसी 'गाइडेंस' के साथ एक गैर-बाध्यकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

# पश्चिम एशिया संकट से शेयर बाजारों में भारी गिरावट, सेंसेक्स 1,123 अंक टूटा

**दो दिनों की गिरावट में निवेशकों की संपत्ति 16.32 लाख करोड़ रुपये घटी**



**मुंबई :** पश्चिम एशिया में संघर्ष तेज होने और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण एशियाई बाजारों में भारी गिरावट के बीच बुधवार को प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी 1.55 प्रतिशत तक टूट गए। लगातार चौथे सत्र में गिरावट दर्ज करते हुए 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,122.66 अंक या 1.40 प्रतिशत गिरकर 79,116.19 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह एक समय 1,795.65 अंक या 2.23 प्रतिशत तक लुढ़ककर 78,443.20 के निचले स्तर पर आ गया था। हालांकि, सत्र के दूसरे भाग में कुछ नुकसान की भरपाई हुई। इसी तरह, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 385.20 अंक या 1.55 प्रतिशत गिरकर 24,480.50 पर बंद हुआ। यह पिछले छह महीनों का सबसे निचला बंद स्तर है। दिन के दौरान निफ्टी 560.3 अंक या 2.25 प्रतिशत गिरकर 24,305.40 पर आ गया था। सेंसेक्स के शेयरों में टाटा स्टील सबसे अधिक 6.76 प्रतिशत टूटा। इसके बाद लार्सन एंड टुब्रो (4.53 प्रतिशत) का स्थान रहा। बजाज फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी, इंटरग्लोब एविएशन, बजाज फिनसर्व और कोटक महिंद्रा बैंक में भी उल्लेखनीय गिरावट हुई। दूसरी ओर भारती एयरटेल, इंफोसिस और टेक महिंद्रा लाभ में रहे। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''पश्चिम एशिया में जारी तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने के बीच वैश्विक जोखिम धारणा नाजुक बनी हुई है, जिससे तेल की कीमतें अस्थिर रहीं। मुद्रास्फीति के प्रभाव और संभावित उच्च चालू खाता घाटा (सीएडी) के कारण भारतीय शेयरों में कमजोरी रही।'' उन्होंने कहा कि रुपये का निरंतर अवमूल्यन भी एक प्रमुख चिंता बना हुआ है, जबकि बढ़ती विदेशी पूंजी निकासी से बाजार में निकट अवधि में अस्थिरता बढ़ रही है। बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.42 प्रतिशत और मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.10 प्रतिशत लुढ़क गया। क्षेत्रवार बात करें तो धातु में चार प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा बीएसई पीएसयू बैंक में 3.50 प्रतिशत, औद्योगिक वस्तुओं में 3.29 प्रतिशत, रियल्टी में 3.16 प्रतिशत, जिंस में 3.12 प्रतिशत, पूंजीगत वस्तुओं में 2.64 प्रतिशत, बिजली में 2.59 प्रतिशत, सेवा में 2.25 प्रतिशत और ऊर्जा में 2.23 प्रतिशत की गिरावट हुई। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.08 प्रतिशत उछलकर 83.91 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

## पश्चिम एशिया संकट: कच्चे तेल में उछाल से तेल विपणन, पेंट कंपनियों के शेयरों में गिरावट

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में गहराते संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल के चलते बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेल विपणन कंपनियों और पेंट निर्माताओं के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। बीएसई पर हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का शेयर 5.41 प्रतिशत टूट गया। वहीं, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) में 4.94 प्रतिशत और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) में 4.78 प्रतिशत की गिरावट आई। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.08 प्रतिशत की छलांग लगाकर 83.91 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि के कारण पेंट कंपनियों के शेयरों पर भी बिकवाली का दबाव देखा गया। शालीमार पेंट्स के शेयरों में 2.60 प्रतिशत, बर्जर पेंट्स में 2.22 प्रतिशत और इंडिगो पेंट्स में 1.49 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा एशियन पेंट्स, कंसई नेरोलैक पेंट्स और अक्जो नोबेल इंडिया के शेयर भी मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, पश्चिम एशिया में जारी तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से वैश्विक जोखिम की धारणा नाजुक बनी हुई है, जिससे तेल की कीमतों में अस्थिरता है। मुद्रास्फीति के प्रभाव और चालू खाता घाटा (सीएडी) बढ़ने की आशंका के कारण भारतीय बाजारों में भी गिरावट देखी गई। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,122.66 अंक या 1.40 प्रतिशत गिरकर 79,116.19 पर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 385.20 अंक या 1.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,480.50 पर रहा।

### पश्चिम एशिया के हालात पर सरकार की नजर, नाविकों के लिए सुरक्षा तंत्र सक्रिय: सोनोवाल

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बुधवार को कहा कि सरकार पश्चिम एशिया में तेजी से बदलती स्थिति पर करीब से नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि नाविकों और समुद्री संपत्तियों की सुरक्षा एवं कल्याण सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक तंत्र सक्रिय कर दिए गए हैं। पश्चिम एशिया इस समय सैन्य उथल-पुथल का सामना कर रहा है, जहां अमेरिकी और इजराइली बल ईरान के खिलाफ युद्धरत हैं। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया है, जो जहाजों के लिए एक प्रमुख मार्ग है। शनिवार को अमेरिका द्वारा किए गए हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के बाद से युद्ध और तेज हो गया है।

## गोदरेज प्रॉपर्टीज ने गुरुग्राम में 1,000 करोड़ रुपये में खरीदी जमीन

**नयी दिल्ली :** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने आवास परियोजना के विकास के लिए गुरुग्राम में लगभग 1,000 करोड़ रुपये में 11.36 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया है। कंपनी को इस आगामी परियोजना से 4,500 करोड़ रुपये से अधिक के राजस्व की उम्मीद है। कंपनी ने कोलकाता में भी पांच एकड़ का एक भूखंड हासिल करने के लिए बोली जीती हैय़ यहां वह एक आवास परियोजना का निर्माण करेगी और उसे इससे लगभग 1,650 करोड़ रुपये के राजस्व की उम्मीद है। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने बुधवार को शेयर बाजार को बताया कि उसने हरियाणा के गुरुग्राम में एक आवासीय परियोजना के लिए सीधे खरीद के माध्यम से 11.36 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया है। कंपनी ने कहा, ''यह परियोजना आवासीय विकास से संबंधित है। इसमें 4,500 करोड़ रुपये से अधिक की अनुमानित राजस्व क्षमता है।'' यह भूखंड गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर सेक्टर 63ए में स्थित है। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने जमीन की लागत या विक्रेता के नाम का खुलासा नहीं किया है, हालांकि बाजार सूत्रों का कहना है कि जमीन की कीमत लगभग 1,000 करोड़ रुपये है। एक अलग सूचना में कंपनी ने बताया कि उसने पश्चिम बंगाल हाउसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा आयोजित ई-नीलामी में कोलकाता के ईएम बाईपास के पास स्थित पांच एकड़ के भूखंड के लिए बोली जीत ली है। गुरुग्राम में भूमि अधिग्रहण पर गोदरेज प्रॉपर्टीज के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) गौरव पांडेय ने कहा, ''इस नई परियोजना के साथ हमने वित्त वर्ष 2025-26 में पोर्टफोलियो विस्तार के माध्यम से 40,000 करोड़ रुपये से अधिक की भविष्य की बिक्री क्षमता जोड़ी है।''

## एयर इंडिया टोरंटो, फ्रैंकफर्ट और पेरिस के लिए अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी

**मुंबई :** एयर इंडिया ने बुधवार को पश्चिम एशिया में जारी तनावपूर्ण स्थिति के बीच यात्रियों की भारी मांग को देखते हुए टोरंटो, फ्रैंकफर्ट और पेरिस (चार्ल्स डी गॉल) के लिए अतिरिक्त उड़ानें संचालित करने की घोषणा की। एयर इंडिया की किफायती सेवा वाली अनुषंगी कंपनी 'एयर इंडिया एक्सप्रेस' ने भी कहा कि मस्कट के लिए उसकी विमान सेवाएं जारी रहेंगी। इसके साथ ही मस्कट से दिल्ली और मुंबई के बीच अतिरिक्त उड़ानें भी शुरू की जाएंगी। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन एयर इंडिया ने बताया कि वह पांच से 11 मार्च के बीच दिल्ली और टोरंटो के बीच तीन अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी। इसके अलावा सात से 10 मार्च के बीच दिल्ली-फ्रैंकफर्ट मार्ग पर तीन और दिल्ली-पेरिस मार्ग पर एक अतिरिक्त उड़ान जोड़ी जाएगी। इन अतिरिक्त सेवाओं से यात्रियों को दिल्ली के माध्यम से एयर इंडिया के व्यापक घरेलू और दक्षिण-पूर्व एशिया नेटवर्क से जुड़ने के बेहतर विकल्प मिलेंगे। एयर इंडिया ने कहा कि वह स्थिति का बारीकी से आकलन करना जारी रखेगी और 11 मार्च के बाद भी आवश्यकतानुसार अतिरिक्त उड़ानें जोड़ सकती है।

### स्पाइसजेट बुधवार को यूएई से आठ उड़ानों का संचालन करेगी

**नयी दिल्ली :** स्पाइसजेट पश्चिम एशिया संकट के कारण फंसे हुए यात्रियों को लाने के लिए बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैराह से आठ विशेष उड़ानों का संचालन करेगी। एयरलाइन ने बुधवार को एक बयान में कहा कि वह फुजैराह से दिल्ली के लिए चार, मुंबई के लिए तीन और कोच्चि के लिए एक उड़ान का संचालन करेगी। इससे पहले मंगलवार को विमानन कंपनी ने फुजैराह से दिल्ली, मुंबई और कोच्चि के लिए चार विशेष उड़ानों का संचालन किया था। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष ने इस क्षेत्र में विमानन परिचालन को काफी प्रभावित किया है।

## ओमान एयर कार्गो आने वाले दिनों में भारत, यूरोप के लिए नेटवर्क क्षमता बढ़ाएगी

**दुबई :** पश्चिम एशिया के एक प्रमुख कार्गो वाहक ओमान एयर कार्गो ने जल्द ही भारत सहित विभिन्न गंतव्यों के लिए नेटवर्क क्षमता बढ़ाने की घोषणा की है। पश्चिम एशिया में हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण कार्गो कंपनी ने बहरीन, जॉर्डन, कुवैत, कतर और दुबई के लिए अपनी उड़ानों को फिलहाल निलंबित कर दिया है। कंपनी ने एक बयान में कहा, ''ओमान, ब्रिटेन, यूरोप, भारत और एशिया के बीच नई उड़ानों के माध्यम से आने वाले दिनों में हमारे नेटवर्क में अतिरिक्त क्षमता जोड़ी जाएगी।'' इसमें आगे कहा गया, ''हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि हवाई क्षेत्र के प्रतिबंधों पर अधिक स्पष्टता मिलने के बाद सभी प्रभावित कार्गो की समयसारिणी फिर से तैयार की जाए।''

### भारत सरकार का बॉन्ड प्रतिफल तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर पर

**मुंबई :** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल के चलते बुधवार को भारत सरकार का बॉन्ड प्रतिफल बढ़कर लगभग तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बाजार आंकड़ों के अनुसार, मानक 10 वर्षीय सरकारी प्रतिभूति पर प्रतिफल बढ़कर 6.7112 प्रतिशत हो गया, जो 20 फरवरी के बाद का इसका उच्चतम स्तर है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि कच्चे तेल, विशेषकर ब्रेंट क्रूड के 85 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंचने से घरेलू ऋण बाजार में बिकवाली का दबाव देखा गया, जिससे प्रतिफल में बढ़ोतरी हुई। तेल की बढ़ती कीमतों को मुद्रास्फीति बढ़ाने वाला कारक माना जाता है, जिससे भारत के चालू खाता घाटे के बढ़ने की भी आशंका रहती है।

**वर्ष 10, पूर्णांक 3521 अंक 331 RNI No WBHIN/2016/66788**, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in